**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**16.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में नदियों से सौ मीटर की दूरी पर बनाए जाएंगे सरकारी संस्थान।
- प्रदेश में मौजूदा समय में दो लाख 22 हज़ार से अधिक किसानों ने अपनाई प्राकृतिक खेती–एक लाख नए किसानों को जोड़ने का लक्ष्य।
- भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर कल से सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किए जाएंगे कई कार्यक्रम।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पदोन्नत प्रवक्ताओं को 18 सितम्बर तक पदभार ग्रहण करने व आपदा प्रभावित छात्रों को प्रमाणपत्र की निशुल्क प्रतिलिपि देने के दिए निर्देश।
- प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में 10 ज़िलों में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस बार प्रदेश में मॉनसून से भारी तबाही हुई है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश को करीब 20 हज़ार करोड़ रूपये का नुकसान झेलना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण में बदलाव को इस तबाही का एक कारण बताते हुए कहा कि अब सरकारी संस्थान नदियों से सौ मीटर की दूरी पर ही बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नदी–नालों के किनारे होने वाले निर्माण से कई बार नुकसान झेलना पड़ा है और धर्मपुर बस स्टैंड में कल रात भारी बारिश से करीब 6 करोड़ रूपये का नुकसान केवल बसों को हुआ है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री से हिमाचल के लिए विशेष वित्तीय पैकेज जल्द जारी करने का आग्रह करना चाहिए ताकि प्रभावितों को समय पर सहायता राशि मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 के पीडीएनए के तहत राज्य सरकार को 15 सौ करोड़ रूपये में से केवल 4 सौ करोड़ रूपये ही प्राप्त हुए हैं और इस वर्ष आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रधानमंत्री ने 15 सौ करोड़ रूपये की घोषणा की है।

## प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत्त है और मौजूदा समय में दो लाख 22 हज़ार से अधिक किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा 3 लाख से अधिक किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया है और वर्ष 2025–26 में एक लाख नए किसानों को इस पहल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की के लिए सरकार 40 रूपये जबकि गेहूं के लिए 60 रूपये प्रति किलोग्राम का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है।

## सेवा पखवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर कल 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा द्वारा कल प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को शिमला के रिज मैदान पर नमो युवा रन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हमीरपुर व मंडी में भी युवा रन का आयोजन होगा। सन्नी शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा रन को सम्बोधित करेंगे।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही 4 सौ नर्सों की भर्ती करेगी और सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों साहित पैरामैडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। वे आज हमीरपुर स्थित डॉ राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शांडिल ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आपदा के कठिन समय में ज़रूरतमंदों तक राहत पहुंचाने के लिए अपना अधिक से अधिक योगदान देने का आह्वान किया।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पदोन्नत प्रवक्ताओं को 18 सितम्बर तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और उच्च, प्राथमिक व गुणवत्ता शाखा के

उपनिदेशकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि तय तिथि तक कार्यभार ग्रहण न करने वाले प्रवक्ताओं की पदोन्नति रद्द कर दी जाएगी और ये अवसर अगले पात्र उम्मीदवारों को दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को आपदा प्रभावित छात्रों को प्रमाणपत्र की निशुल्क प्रतिलिपि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

## सेवा पर्व –श्रृंखला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज भारत को वैश्विक जलवायु क्षेत्र में अग्रणी बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी रहने से विभिन्न स्थानों पर पेड़ गिरने और भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। मंडी ज़िला के धर्मपुर के निहरी तहसील के ब्रगटा गांव में कल देर रात एक मकान के भू–स्खलन की चपेट में आने से 3 लोगों की मृत्यु का समाचार है। दो व्यक्तियों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि 2 अन्य अभी भी लापता हैं और प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य जारी है। उधर कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग एकतरफा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है। इस बीच आपदा प्रभावित चंबा ज़िला में अवरूद्ध सड़क मार्गों को खोलने का कार्य जारी है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रभावितों को राशन सहित अन्य सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 6 सौ 52 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 9 सौ 24 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 43 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में बरसात के कारण भारी तबाही हुई है और राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। किन्नौर ज़िला के सांगला में आज जनसमस्याएं सुनने के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभावितों को हर प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अलावा

आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू भी किया गया है। इससे पहले उन्होंने सांगला बस स्टैंड में बारिश के कारण हुए भूस्खलन का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को इसके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में नदियों से सौ मीटर की दूरी पर बनाए जाएंगे सरकारी संस्थान।
- प्रदेश में मौजूदा समय में दो लाख 22 हज़ार से अधिक किसानों ने अपनाई प्राकृतिक खेती–एक लाख नए किसानों को जोड़ने का लक्ष्य।
- भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर कल से सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किए जाएंगे कई कार्यक्रम।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पदोन्नत प्रवक्ताओं को 18 सितम्बर तक पदभार ग्रहण करने व आपदा प्रभावित छात्रों को प्रमाणपत्र की निशुल्क प्रतिलिपि देने के दिए निर्देश।
- प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में 10 ज़िलों में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।